Regd. No. 185

Haryana College Teachers' Association

(Affiliated to AIFUCTO)
Website : www.hcta.in

Dr. Narender Chahar
President
Vaish College, Bhiwani
Mob. : 098133-26900
Email: narenderchahar11@gamil.com

Dr. Ravinder Gasso
General Secretary
D.A.V. College, Pundri (Kaithal)
Mob. : 094161-10679
Email: gassoravinder@gamil.com

Ref. No. HCTA/1/14 Dated 14.1.2014

सेवार्थ,

महानिदेशक
उच्चतर शिक्षा, हरियाणा सरकार
शिक्षा-सदन, सैक्टर-5
पंचकुला।

विषय : एडिड कॉलेजों के शिक्षकों की मांगों सम्बन्धी।

श्रीमान जी,

हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन निम्लिखित मुद्दों पर कार्रवाई की अपील करती है-

1. 2006 के बाद एडिड-कॉलेजों में भर्ती शिक्षकों के लिए **नई पैंशन स्कीम की मैचिंग ग्रांट** तुरन्त जारी की जाए।
2. **शिक्षक व गैरशिक्षक पदों पर भर्ती** न करने वाली प्रबन्ध समितियों को हरसंभव तरीके से तत्काल भर्ती करने के लिए बाध्य किया जाये। निदेशालय में भी इस सम्बन्धी सभी प्रकार तकनीकी व गैर तकनीकी रुकावटों को दूर करने की अपील है।
3. **एडिड कॉलेजों में प्रिंसीपल पद के चयन के लिए जो सिलैक्शन-क्राइटीरिया** 25.6.2013 को लागू किया गया है या इससे पहले लागू क्राइटीरिया के बारे में प्रदेश के शिक्षकों की गंभीर आपत्तियां रही हैं। हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी ने 12/1/2014 को कुरुक्षेत्र में हुई अपनी मीटिंग में यह प्रस्ताव पास किया है कि यह क्राईटीरिया पूर्णत: गैरकानूनी है क्योंकि इसकी Cut-off- Date नहीं है। जैसे प्रदेश के कॉलेजों में API की Cut off Date सितम्बर 2012 है। उसी प्रकार से प्रिंसीपल पद के लिए सिलैक्शन क्राइटीरिया 25/6/13 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर लागू नहीं हो सकता क्योंकि कोई भी नियम पीछे से (Retrospectively) लागू नहीं होता। इस सिलैक्शन क्राईटीरिया की सभी शर्तें व मापदण्ड शिक्षक के शैक्षणिक अतीत से जुड़े हैं। बतौर कॉलेज शिक्षक नियुक्ति के समय जिसने 100 अंक का इन्टरव्यू दिया उसे प्राचार्य बनने के लिए 20 अंक का इन्टरव्यू देने के लिए कहना गैरकाूननी है।

इसलिए एच.सी.टी.ए. एडिड कॉलेजों में प्रिंसीपल पद के चयन के लिए **वर्तमान क्राईटीरिया को पूर्णत: वापिस लेने व यू.जी.सी. के नियमों को लागू करने की मांग करती है।** हमारा मानना है कि ऐसा करने से कानून की रक्षा होगी तथा प्रिंसीपल-चयन में अनियमितताओं व स्तरहीनता को रोका जा सकेगा।

जारी पृष्ठ-2

Regd. No. 185

Haryana College Teachers' Association

(Affiliated to AIFUCTO)
Website : www.hcta.in

Dr. Narender Chahar
President
Vaish College, Bhiwani
Mob. : 098133-26900
Email: narenderchahar11@gamil.com

Dr. Ravinder Gasso
General Secretary
D.A.V. College, Pundri (Kaithal)
Mob. : 094161-10679
Email: gassoravinder@gamil.com

Ref. No...............................   Dated...........................

4. **एडिड कॉलेजों में सैल्फ-फाईनेंस के आधार पर शिक्षकों की नियुक्तियों** में बड़े स्तर पर फ्रॉड हो रहा है। इसमें भ्रष्टाचार व उत्पीड़न का पक्ष भी है। एसोसिएशन जोरदार मांग करती है कि सैल्फ-फाईनेंस में शिक्षकों का चयन स्थाई-शिक्षकों की तरह बाकायदा सिलैक्शन कमेटी द्वारा निर्धारित योग्यता के आधार पर निश्चित अवधि के लिए किया जाना सुनिश्चित किया जाये। उनके लिए न्यूनतम वेतन को सुनिश्चित करने की भी कारगर प्रणाली बनाई जाये।

आशा है आप हमारी मांगों पर सदाशयता दिखायेंगे।

सधन्यवाद!

(डॉ. रविन्द्र गासो)